सिम बाइंडिंग (SIM Binding)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/sim-binding

- देश के सबसे बड़े ऋणदाता 'भारतीय स्टेट बैंक' ने अपने ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिये **योनो** तथा **योनो लाइट** ऐप में एक नवीन एवं उन्नत सुरक्षा सुविधा 'सिम बाइंडिंग' का शुभारंभ किया है। इस प्लेटफ़ॉर्म का नया संस्करण ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने में मदद करेगा।
- **योनो और योनो लाइट ऐप सिम बाइंडिंग फीचर के साथ केवल बैंक में पंजीकृत मोबाइल नंबर की सिम वाले उपकरण में ही कार्य कर सकेंगी।** इस ऐप के नए संस्करण का उपयोग करने के लिये उपयोगकर्ताओं को अपनी मोबाइल ऐप को अपडेट करना होगा तथा इन ऐप पर वन टाइम पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करना होगा। पंजीकरण करने के लिये बैंक पंजीकृत मोबाइल नंबर का सत्यापन करती है।
- योनो (यू ओनली नीड वन) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी एक एकीकृत डिजिटल बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म है। यह उपयोगकर्ताओं की विभिन्न प्रकार की वित्तीय तथा अन्य सेवाओं जैसे हवाई यात्रा, ट्रेन, बस तथा टैक्सी बुकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग या चिकित्सा बिल भुगतान आदि तक पहुँच को सक्षम बनाता है।
- **योनो को एंड्रॉइड तथा आई.ओ.एस. दोनों प्रणालियों में एक स्मार्टफोन ऐप के रूप में प्रस्तुत** किया जाता है। इसे वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया था।

X X